

# प्रदेश की सबसे बड़ी गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन

## लाल टिपारा में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित 108 टन गोबर से निर्मित गोवर्धन भगवान का हुआ पूजन







**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला में गोवर्धन भगवान का भव्य पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। गौशाला परिसर में 108 टन गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत और और इस पर्वत पर गोबर व प्राकृतिक रंगों से निर्मित भगवान श्रीकष्ण की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथिगणों एवं बड़ी संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं ने पूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने इस अवसर पर कहा हमारी संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है। हमारी परंपराओं व संस्कृति में प्रकृति के प्रति आदर भाव गहरे तक समाया हुआ है। इसी भाव के साथ हम गोवर्धन एवं गौ पूजन कर समूचे विश्व को प्रकृति, पर्यावरण एवं पशुधन संरक्षण का संदेश देते हैं। गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

गोवर्धन पूजन के बाद सभी अतिथियों ने आरती उतारी। साथ ही ग्वालियर सहित प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन को 56 भोग अर्पित किए गए। साथ ही गौमाता को भी 56 भोग की प्रसादी दी गई। गौशाला में आए भक्तों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस पूरे आयोजन को जीरो वेस्ट इवेंट के आधार पर आयोजित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा हमारी संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है। हमारी परंपराओं व संस्कृति में प्रकृति के प्रति आदर भाव गहरे तक समाया हुआ है। खुशी की बात है की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ गौ-पूजन व गोवर्धन पूजा की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंद्रापुरकर ने इस अवसर पर कहा सभी भारतीय पर्व में समाज को संगठित कर बुराइयों का नाश करने का संदेश छुपा होता है। उन्होंने कहा मानव कल्याण एवं देश के उत्थान के समाज को संगठित होकर काम करना होगा। संत ऋषभ देवानंद जी ने कहा लाल टिपारा गौशाला संस्कारशाला के रूप में भी काम कर रही है। गौशाला से पांच विश्वविद्यालयों ने गौ संरक्षण के संबंध में अनुबंध किया है। गोवर्धन पूजा में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंद्रापुरकर, कृष्णायन गौशाला के संत ऋषभ देवानंद , पीतांबरा पीठ दतिया से आई सुश्री अनुराधा,नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, जयसिंह कुशवाह व मुन्नालाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री टी प्रतीक राव व श्री मुनीष सिकरवार समेत अन्य संबंधित अधिकारी और डॉ प्रियंवदा भसीनसमेत शहर के अन्य समाजसेवी व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा:**ग्वालियर की लाल टिपारा गौ-शाला में बुधवार 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। सागर से आए बुंदेलखंडी लोक कलाकारों के समूह ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर संगीतमय लोक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया । इसी तरह स्थानीय कला समूह के कलाकारों ने वन मित्र नृत्य प्रस्तुत कर सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। **जीरो वेस्ट आधार पर हुआ भण्डारे का आयोजन:**गौशाला में आए श्रद्धालुओं को स्वच्छ भारत अभियान के तहत जीरो वेस्ट सिद्धांत के आधार पर भोजन कराया गया। भक्तों ने स्टील की थाली एवं गिलास में प्रसादी ग्रहण की। इससे पूरे आयोजन के दौरान जरा भी कचरा नहीं फैला।

**श्रीअन्न का बताया महत्व :**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे विश्व को श्रीअन्न का महत्व बताया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप गौशाला में आयोजित भण्डारे में आए भक्तों को बाजरे की खीर परोसी गई, जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। प्रसादी ग्रहण करने आए श्रद्धालुओं को श्रीअन्न का महत्व भी समझाया गया।

**बड़ी शाला में अन्नकूट महोत्सव के साथ श्रद्धा हुई गोवर्धन पूजा:**शहर के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला में बुधवार को दिवाली की पड़वा पर भक्तिभाव एवम श्रद्धा से भगवान गोवर्धन जी की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही अन्नकूट महोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवम धर्मप्राण नागरिक उपस्थित हुए। बड़ी शाला में शाम 4 बजे से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।

शाला परिसर में स्थित गौशाला में आज गाय के गोबर से भव्य गोवर्धन बनाए गए। इसे शिखरयुक्त पुष्पादि से सुशोभित गया।भव्य झांकी देखते ही बनती थी। आचार्य मंगल दास आचार्यत्व में शाला के महत्वपूर्ण वैराठी पीठाधीश्वर स्वामी रामसेवकदास महाराज के सानिध्य में शाला के संत समाज एवम श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान गोवर्धन जी का दुग्ध दही से अभिषेक किया। महाराज ने बताया कि आज गोवर्धन की पूजा में स्वाति नक्षत्र का अदभुत संयोग था सो आज की पूजा विशेष फलदाई थी।

**275सब्जियों से बने रामभाजा का लगा भोग:**अन्नकूट लिए शाला में 275 सब्जियों का रांभाजा बनाया गया। महंत रामसेवकदास ने गोवर्धन महाराज एवम भगवान विष्णु को यह प्रसाद अर्पण किया। इसके पश्चात महा आरती की गई। कार्यक्रम में श्रीदास, अयोध्यादास, रामदास जी, रामकिशन दास जी समाजसेवी श्रीमती ममता कटारे, शुशील कटारे, राम कुमार काटारे जी हेमेंद्र सिंह गुर्जर सरपंच, रघुवीर यादव रामोतार शर्मा संजय गर्गसहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवम भक्तजन उपस्थित थे। अंत में सभी ने अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण की। सनवैली के समस्त स्टाफ को दीपावली बोनस के साथ मिठाई वितरित की।

### गोवर्धन पूजा का पावन पर्व शहर और ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया



जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का पावन पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष भी लोगों ने अपने-अपने घरों में अन्नकूट पूजा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ की। इस त्योहार को अन्नकूट पूजा के नाम से भी जाना जाता है। दीपावली के अगले दिन मनाए जाने वाले इस पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन धारण स्वरूप की पूजा की। उन्होंने गोबर से भगवान गिरिराज का भौतिक स्वरूप बनाया और पंचामृत, दूध, दही से उनकी आराधना की। महिलाओं और घर के पुरुषों ने भगवान गिरिराज को धूप लगाकर परिक्रमा भी की। शहर की कई कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान गिरिराज जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें महिलाओं पुरुषों ने परिक्रमा कर पुण्य कमाया।

**गांवों में बैलों का पूजन भी हुआ :**गोवर्धन पूजा का ग्रामीण क्षेत्र में विशेष महत्व होता है। इस दौरान कई किसानों ने गांवों में बैलों का पूजन भी किया।



**सांसद कुशवाह ने भी किया गोवर्धन पूजन :**सांसद भारत सिंह कुशवाह ने भी बुधवार को लाल टिपारा पहुँचकर गौपूजन एवं गोवर्धन पूजा की। उन्होंने सभी को गोवर्धन पूजा की बधाई व शुभकामनायें दीं। साथ ही सभी से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम सिह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उनके साथ थे।



# केन्द्रीय जेल में आज बंदियों से बहनों की कराई जायेगी प्रत्यक्ष मुलाकात

## शर्तों के साथ बंदी भाईयों से मिल सकेंगीं बहनें

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 अक्टूबर।** केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध बंदियों की 23 अक्टूबर भाईदूज के पावन अवसर पर उनकी बहनों से प्रत्यक्ष मुलाकात कराई जायेगी। इस अवसर पर बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा सकेंगीं। यह मुलाकात शर्तों के साथ कराई जायेगी।

जेल अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय जेल में में निरूद्ध भाई से मुलाकात करने की इच्छुक बहनों के भाईदूज 23 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक नाम लिखे जायेंगे। इन्हीं पंजीकृत बहनों की अपरान्ह 3 बजे उनके भाईयों से मुलाकात कराई जायेगी। मुलाकात के लिये आने वाली बहनों को जेल की सुरक्षा एवं जेल नियमों का पालन करना होगा। बहनों से आग्रह किया गया है कि वे अपने साथ कोई भी प्रतिबंधित सामग्री मसलन मोबाइल फोन व मादक पदार्थ इत्यादि लेकर न आएं। मुलाकात के लिये आने वाली सभी बहनें सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में रहेंगीं। मुलाकात के लिये आने वाली बहनों से यह भी आग्रह किया गया है कि वह अपने साथ किसी प्रकार की बाहरी सामग्री लेकर न आएं। जेल कैन्टीन से भाईदौज की विशेष किट निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकेगी। इस किट में मिठाई, कुमकुम व अक्षत इत्यादि सामग्री उपलब्ध रहेगी।



# श्री सनातन धर्म मंदिर में गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट का लगा भोग

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22अक्टूबर।** श्री सनातन धर्म मंदिर में दीपावली पर्व एवं अन्नकूट उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला कोषाध्यक्ष राकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया की आज श्री चक्रधर सभागार में सायंकाल 6 बजे गोवर्धन पूजा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यगण एवं भक्तगण शामिल हुए। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने चक्रधर सभागार में गाय के गोबर से श्री गिरिराज गोवर्धन का विशाल श्री विग्रह तैयार किया, श्री गिरिराज गोवर्धन का मुकुट, मोर पंख, मोतियों के हार, पुष्प मालाए, कंगन, करधनी, पायजेब धारण कराकर खील- बताशे से सुंदर मनमोहक श्रृंगार किया। अध्यक्ष विजय गोयल प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकरणी सदस्यों ने श्री गिरिराज गोवर्धन का वैदिक विधि विधान से पूजन किया, %गोवर्धन परिकम्मां देओ, मानसी गंगा श्री हरि लेओ% गाते हुए श्री गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त, सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे। आरती के पश्चात् विशाल अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया । अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया इस अवसर पर 4000 भक्तों ने श्रद्धा भाव से अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। 28 अक्टूबर मंगलवार को मंडल के सदस्यों के लिए अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें लगभग 3000 लोगों के लिए अन्नकूट प्रसाद की कूपन द्वारा व्यवस्था रहेगी। अन्नकूट प्रसाद के कूपन मंदिर कार्यालय से सायंकाल 7:00 बजे से 8:00 बजे के बीच प्राप्त किया जा सकते हैं।



# मंदिरों,घरों व कार्यालयों में पूजे गोवर्धन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22अक्टूबर। ग्वालियर शहर में गौपालन और गौसेवा का सदियो पुराना अतीत रहा है। ग्वालियर के नाम से ही यह जाहिर भी होता है। यही कारण है कि ग्वालियर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा बेहद उल्लास और भक्तिभाव के साथ की जाती है ।शहर में आज ऐसा कोई मंदिर य देव स्थान नहीं था जहा पर कि गोवर्धन पूजा और गौ पूजन के कार्यक्रम आयोजित न हुए हो। मंदिरों से लेकर कई कार्यालय,एवं घरों में आज गोवर्धन पर्वत की पूजा की गई जिसमें मिट्टी या गोबर से बना कर उसमें रंग बिरंगे रंगों से सजावट करके भगवान श्रीकृष्ण को मुकुट लगाकर सजाया गया और सामूहिक रूप से गोवर्धन पूजे गए। इसी क्रम में आज कई जगह अन्नकूट बनाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन और मिठाइयां बनाई गई भगवान कृष्ण को भोग लगाने के बाद उसे प्रसाद के रूप में बांटा गया ।गोवर्धन पूजा एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भगवान कृष्ण की महत्ता को दर्शाता है और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

## समग्र आईडी की ई-केवायसी अवश्य करायें

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश शासन की समस्त जन कल्याणकारी पेंशनधारी का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी करना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमांतर्गत सभी नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार से ई-केवायसी अवश्य करायें।



## सनवैली रेसीडेंसी में दीपावली पर बांटी मिठाई

**ग्वालियर।** सनवैली रेसीडेंसी रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सनवैली के समस्त स्टाफ जिसमें सफाई कर्मी,सुरक्षा गार्ड्स, गार्डनर(माली), प्लंबर्स, इलेक्ट्रीशियन एवं समस्त ऑफिस स्टाफ लगभग 100 कार्मिकों को बोनस के साथ मिठाई का वितरण किया गया। टीम द्वारा कार्यालय में श्री महालक्ष्मी जी का पूजन कर आरती की गई ।इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष पंकज बंसल,पूर्व अध्यक्ष एवं संचालक गिरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंजलि दुबे,संचालक राजीव गुप्ता,के सी मखीजा,संजय वासवानी एवं इंदिरा जयंत द्वारा समस्त स्टाफ को बोनस व मिठाई वितरित की, एवं सभी स्टाफ के उज्जवल भविष्य की।

# सेखों इंडियन एयर फ़ोर्स मैराथन 2025 का आयोजन 2 नवंबर को

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22अक्टूबर।** परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों को श्रद्धांजलि देने के लिए सेखों इंडियन एयर फ़ोर्स मैराथन 2025 का आयोजन 2 नवंबर को एयर फोर्स स्टेशन महाराजपुरा ग्वालियर से प्रात: 5:00 बजे से आयोजित की जा रही है। मैराथन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशनwww.sekhoniafmarathon.in के पोर्टल या क्यू आर कोड के माध्यम से किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इंडियन एयर फोर्स द्वारा प्रतिवर्ष परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों को श्रद्धांजलि देने के लिए सेखों इंडियन एयर फ़ोर्स मैराथन का आयोजन 2 नवंबर को किया जाता है। यह मैराथन नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम सहित भारत के 61 विभिन्न स्थानों पर भी आयोजित की जाएगी, जिसमें ग्वालियर एयरपोर्ट स्टेशन भी शामिल है। मैराथन विभिन्न श्रेणियां में आयोजित की जाएगी जिसमें 21 किलोमीटर के लिए 18 वर्ष से अधिक के पुरुष एवं महिलाएं।10 किलोमीटर के लिए 14 वर्ष से अधिक के पुरुष एवं महिलाएं।05 किलोमीटर के लिए 10 वर्ष से अधिक के छात्र एवं छात्राएं भाग ले सकते हैं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर के नागरिकों एवं युवाओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस मैराथन में भाग लेकर परमवीर चक्र विजेता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# कांग्रेस भवन पर पहली दफा हुई गोवर्धन पूजा

## पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता का प्रतीक : सुरेन्द्र यादव



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 अक्टूबर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर एक विशेष आयोजन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में पहली बार कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर भगवान गोवर्धन जी की पूजा-अर्चना और वंदन भक्ति भाव के साथ हुआ। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना के पश्चात कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर प्रकृति और मानव के बीच संतुलन का संदेश दिया था। गोवर्धन पूजा का पावन पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण के प्रकृति संरक्षण और सामुदायिक एकता के संदेश को याद दिलाता है। आज, कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पहली बार भगवान गोवर्धन जी की पूजा-अर्चना और वंदन आयोजित किया गया, जो हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक प्रयास है। वर्तमान समय में गोवर्धन पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह हमें पर्यावरण संरक्षण, कृषि के प्रति सम्मान और सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मीनू परिहार,पार्षद धर्मेन्द्र किरन वर्मा, मंगल यादव, शंकर गाबरा, तरूण यादव, निधि शर्मा, महेन्द्र शर्मा, कुलदीप सिंह कौरव एड, आदित्य सेंगर, भूपेन्द्र तौमर, संजीव दीक्षित, सोनू भदोरिया, मनीष यादव, आशुतोष शर्मा, प्रयाग सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, अनुप शिवहरे, मुनेन्द्र भदोरिया, उपेन्द्र राजपूत, राकेश शर्मा, नवीन भदकारिया, रविन्द्र कुशवाह, नरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

जैन
मार्बल एण्ड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाईट,मार्बल एण्ड कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ.विनोद जैन
9425360508
पता-रितुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिण्ड रोड, लीला हॉस्पीटल के पास ग्वालियर

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभिषेक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

छठ पूजा
सभी देशवासियों को आगामी (25 - 28 अक्टूबर) छठ पूजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408

श्री श्याम ग्रेनाईट
9785495091, 8306703030
हमारे यहां साउथ ग्रेनाईट एवं राजस्थान ग्रेनाईट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
पता- आनंदपुर ट्रस्ट आई हॉस्पीटल के सामने मुरैना रोड ग्वालियर म .प्र .

RUDRA SOLUTIONS
YAKUZA
ELECTRIC VEHICLES
दीवाली छुट का उपहार रुद्रा याकूजा के साथ
35,000 वाली स्कूटी 31,700 में (45 किमी)
39,000 वाली स्कूटी 35,500 में (55 किमी)
43,000 वाली स्कूटी 40,000 में (65 किमी)
मोटर, कन्ट्रोलर, बैटरी और चार्जर एक साल की गारंटी के साथ
ऑफर सिर्फ 11 - 20 अक्टूबर तक
पता - यादव धर्मकांटा गदाईपुरा, मुरैना रोड, ग्वालियर 9039932167

G D REFRIGERATION ELECTRICAL WORKS
Discover The All New Range Of Lloyd Products
LLOYD QLED TV RANGE WITH FAR FIELD TECHNOLOGY
LLOYD STELLAR AIR CONDITIONER
LLOYD Novanté IOT WASHING MACHINE
LLOYD REFRIGERATORS WITH RAPID FREEZE TECHNOLOGY
• Wedding Package, • HOME APPLIANCES
(हर खरीददारी पर निश्चित एक गिफ्ट उपहार)
Er. Rajat 9754396089, 9713966081
1. LLOYD GALLARY : NEAR INDIAN OVERSEAS BANK JINSI ROAD NO.1, LASHKAR GWALIOR-474009
2. G.D.R. OFFICE SHOWROOM : NEAR KAJAL TAKIZ KAMAL SINGH KA BAG, LASHKAR, GWALIOR-474009